श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/95/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2025-26/1073 दिनांक 01.08.2025

प्रवेश सूचना (CUET-UG 2025-26)
(SHASTRI & B.A. YOGA)

विषय: **शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के सम्बन्ध में।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु **CUET-UG (शास्त्री, एवं बी.ए. (योग)** पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु भ्यर्थियों को शैक्षणिक नियम परिचायिका 2025-26 में प्रदत्त प्रावधानों एवं NTA द्वारा जारी स्कोर कार्ड के आधार पर उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश अर्हता वरीयता सूची के अनुसार निर्धारित स्थानों पर साक्षात्कार के माध्यम से संबंधित विभाग की प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा।

प्रवेश समिति द्वारा शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रदत्त प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। निम्नलिखित विवरण के अनुसार ऑफलाईन माध्यम से साक्षात्कार/काउंसलिंग का आयोजन विश्विद्यालय परिसर में किया जायेगा।

| क्र०सं० | सम्बन्धित पीठ (विषय) | समय एवं तिथि | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | साहित्य एवं संस्कृति पीठ (साहित्य, प्राकृत) | 04.08.2025 से 08.08.2025 (प्रात: 10:30 बजे से 04:30) | शैक्षणिक सदनम् पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 2 | दर्शनशास्त्र पीठ | 04.08.2025 से 08.08.2025 (प्रात: 10:30 बजे से 04:30) | शैक्षणिक सदनम् प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 3 | वेदवेदांग पीठ- | 04.08.2025 से 08.08.2025 (प्रात: 10:30 बजे से 04:30) | स्वर्णजयन्तीसदनम्, प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 4 | पुराणविद्यापीठ- पुराणेतिहास | 04.08.2025 से 08.08.2025 (प्रात: 10:30 बजे से 04:30) | सारस्वतसाधनासदनम् तृतीय तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |

**नोट: ऐसे अभ्यर्थी जो शास्त्री (NON-CUET) की काउन्सलिंग हेतु (दिनांक 14.07.2025 से 16.07.2025 तक) विश्विद्यालय में उपस्थित नहीं हो पाए थे उन्हें सूचित किया जाता है कि वे कोउन्सेलिग़ हेतु दिनांक 04.08.2025 से 08.08.2025 तक विश्विद्यालय में उपस्थित होकर काउन्सलिंग का कार्य संपन्न कर सकते हैं।**

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल दस्तावेजों तथा उनको स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल प्रमाण पत्र।

2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)

3. निष्क्रमण प्रमाण-पत्र

4. मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

5. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र।

6. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।

7. ए.बी.सी. आई-डी.

8. स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (केवल बी.ए. (योग) पाठ्यक्रम हेतु)

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट (slbsrsv.ac.in) पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभागों से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/Helpline Number: 011-46060503/548

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
3. पुस्तकालय अध्यक्ष (प्रभारी)
4. छात्रावास अधिष्ठाता
5. नोडल अधिकारी (Anti-Ragging)
6. सम्पर्क अधिकारी (SC/ST/OBC)
7. उपकुलसचिव (परीक्षा)
8. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
9. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
10. सहायक कुलसचिव (लेखा)
11. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने तथा ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
12. सम्बन्धित पंजिका एवं सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

1/8/25 (5:35PM)

01/08/25